राजस्थान सरकार

( कायदा – 129 ) 2024/72

जनरल रूल्स सिविल रूल्स 129 अपेन्डेंक्स फार्म नंबर 8 के

## न्यायालय उपखण्ड अधिकारी, बिजौलिया जिला – भीलवाड़ा (राज.)

| किस्म मुकदमा<br>1 | नंबर मुकदमा<br>2 | तारीख दायर<br>3 | तारीख फैसला<br>4 | पेशी दिनांक<br>5 |
|---|---|---|---|---|
| 111- 128<br>प्रार्थना पत्र | 38/24 | 21/2/2024 | 2/5/24<br>[signature] | 18/3/2024 |

अनवान

श्री कालु s/o लालुराम जाति बलाई

निवासी आटी

अधिवक्ता वादी / प्रार्थी /अपीलान्ट

डिक्रीदार

श्री मुकेश कुमार धाकड़

श्री कैला s/o उदा जाति बलाई

निवासी आटी

अधिवक्ता प्रतिवादी / विपक्षी/ रेस्पोडेंट

मदयून

श्री ........................................

# FORM NO. III

## फर्द अहकम

(नियम 26)

अज अदालत उपखण्ड अधिकारी मुकाम बिजौलियां

: कालु बनाम छैला

नम्बर 38/2024

किस्म मुकदमा - 111-128

| तारीख हुक्म | हुक्म या कार्यवाही मय इनिशियल्स जज | नम्बर व तारीख अहकाम जो इस हुक्म की तामील में जारी हुए |
|---|---|---|
| [illegible]/2/2024 | प्रार्थना पत्र सीगे से बाद जांच पेश हुआ। प्रार्थना पत्र दर्ज रजिस्टर किया जाकर अप्रार्थी को नोटिस मय नकल प्रार्थना पत्र जारी हों। पत्रावली वास्ते तलबी/जवाब दिनांक 18/3/2024 को पेश हों।<br>उपखण्ड अधिकारी<br>बिजौलियां | |
| 18/3/24 | पत्रावली पेश हुइ। अभिभाषक वादी/प्रतिवादी उपस्थित श्रीमान P.O सा. दौरे पर हैं। प्रत्रावली दिनांक 2/5/24 को वास्ते तलबी पेश हो।<br>उप खण्ड अधिकारी | |
| 2/4/24 | पत्रावली पेश हुइ। अभिभाषक वादी/प्रतिवादी उपस्थित श्रीमान P.O. सा. दौरे पर हैं। प्रत्रावली दिनांक 23/4/24 को वास्ते उपस्थित पेश हो।<br>उप खण्ड अधिकारी | |
| 23/4/24 | पत्रावली पेश हुई। अधिवक्ता प्रार्थी उपस्थित। विपक्षीगण की बाद तामील प्राप्त हुई, जिसे शामिल पत्रावली किया गया। पत्रावली में एक-पक्षीय आदेश पारित किए गए। पत्रावली आगामी दिनांक 02/5/24 को पेश हो।<br>उप खण्ड अधिकारी<br>बिजौलियाँ जिला-भीलवाड़ा | |
| 2/5/24 | पत्रावली पेश हुई। अधिवक्ता प्रार्थी उपस्थित। पत्रावली में आदेश पारित किए गए। पत्रावली फैसल शुमार होकर, नम्बर से कम होकर दाखिल दफ्तर हो।<br>उप खण्ड अधिकारी<br>बिजौलियाँ जिला-भीलवाड़ा | |

## न्यायालय उपखण्ड अधिकारी बिजौलियाँ जिला भीलवाड़ा (राज0)

प्रकरण संख्या – 38/24 तारीख दायर 21/2/24
पेशी 18/3/24

प्रेषिति :–

तहसीलदार
बिजौलियाँ

विषय :–प्रकरण संख्या ......38......................../ 2024 पत्थरगढ़ी बाबत्।

कालूलाल पुत्र लालुराम जाति बंजारा उम्र वयस्क निवासी चम्पापुर तहसील बिजौलिया जिला भीलवाड़ा (राज.) ........................प्रार्थी

**बनाम**

1. कैला पुत्र उदा जाति बलाई उम्र वयस्क निवासी आंटी तहसील बिजौलिया जिला भीलवाड़ा (राज.)
2. अंकित पुत्र राजू जाति बंजारा उम्र वयस्क निवासी चम्पापुर तहसील बिजौलिया जिला भीलवाड़ा (राज.)
3. उंकार पुत्र मांगु जाति बंजारा उम्र वयस्क निवासी आंटी तहसील बिजौलिया जिला भीलवाड़ा (राज.)
4. पैमा पुत्र भवाना जाति मीणा उम्र वयस्क निवासी आंटी तहसील बिजौलिया जिला भीलवाड़ा (राज.) ................विपक्षीगण

उपर्युक्त विषयान्तर्गत अनवानी प्रकरण मैं आदेश होकर लेख है जाकर **मौजा ग्राम आंटी पटवार हल्का गुढ़ा तहसील बिजौलियाँ की सरहद में खाता संख्या 182 पर अंकित आराजी संख्या 350 रकबा 0.4290 हैक्टेयर भूमि** की बशामलात पडौसीयान के पत्थरगढ़ी की जावें। मौके पर पत्थरगढ़ी के दौरान कब्जा किसी अन्य का पाया जावे तो जरिये पत्थरगढ़ी कब्जा नही हटाया जावे तथा समक्ष न्यायालय में वाद प्रस्तुत करने हेतु सूचित करें। आदेश पत्थरगढी हेतु भू–अभिलेख निरीक्षक **कांस्या** को कमिश्नर नियुक्त किया जाता हैं। कमिश्नर फीस प्रार्थी वक्त पत्थरगढ़ी मौके पर अदा करेगा। पत्थरगढ़ी करने से पुर्व पड़ोसी एंव विपक्षीगणो को सुचित करे।

पत्थरगढ़ी कर पालना रिपोर्ट 20 दिन में आवश्यक रूप से प्रस्तुत करे।

उप खण्ड अधिकारी
बिजौलियाँ जिला-भीलवाड़ा

उपखण्ड अधिकारी
बिजौलियाँ

उप खण्ड अधिकारी

# न्यायालय उपखण्ड अधिकारी बिजौलियाँ जिला भीलवाड़ा (राज0)

प्रकरण संख्या :– 38/24 तारीख दायर 21/2/24

कालूलाल पुत्र लालुराम जाति बंजारा उम्र वयस्क निवासी चम्पापुर तहसील बिजौलिया जिला भीलवाड़ा (राज.)

........................प्रार्थी

**बनाम**

1. कैला पुत्र उदा जाति बलाई उम्र वयस्क निवासी आंटी तहसील बिजौलिया जिला भीलवाड़ा (राज.)
2. अंकित पुत्र राजू जाति बंजारा उम्र वयस्क निवासी चम्पापुर तहसील बिजौलिया जिला भीलवाड़ा (राज.)
3. उंकार पुत्र मांगु जाति बंजारा उम्र वयस्क निवासी आंटी तहसील बिजौलिया जिला भीलवाड़ा (राज.)
4. पैमा पुत्र भवाना जाति मीणा उम्र वयस्क निवासी आंटी तहसील बिजौलिया जिला भीलवाड़ा (राज.)

................विपक्षीगण

## प्रार्थना पत्र अन्तर्गत धारा 111 – 128 रा0ले0रे0एक्ट

**–: आदेश :–**

दिनांक 18/3/24

प्रार्थना पत्र प्रार्थी ने जरिये अभिभाषक **श्री मुकेश कुमार धाकड़ एडवोकेट** प्रस्तुत कर निवेदन किया है कि मेरे एकल/संयुक्त खाते भूमि **मौजा ग्राम आंटी पटवार हल्का गुढ़ा तहसील बिजौलियाँ की सरहद में खाता संख्या 182 पर अंकित आराजी संख्या 350 रकबा 0.4290 हैक्टेयर भूमि** है विपक्षीगण आये दिन सीमा विवाद को लेकर झगडा करते है। अतः पत्थरगढ़ी का आदेश प्रदान कराया जावें साथ में प्रार्थना पत्र की ताईद में शपथपत्र संलग्न है।

प्रार्थना पत्र दर्ज रजिस्टर करवाया गया। प्रस्तुत पत्रावली पर विद्वान अधिवक्ता की बहस सुनी गई और पत्रावली का अवलोकन किया गया।

पत्रावली में संलग्न जमाबन्दी सम्वत 2073–2076 के अवलोकन से प्रार्थी वादग्रस्त आराजीयात का खातेदार काश्तकार है। पड़ौसियान के विवाद करने बाबत् शपथपत्र संलग्न है। पत्थरगढ़ी से किसी के स्वत्व पर कोई विपरीत प्रभाव नहीं पड़ता है। भू–अभिलेख निरीक्षक कांस्या को पत्थरगढ़ी बाबत् कमिश्नर नियुक्त किया जाता हैं।

अतः प्रार्थना पत्र अन्तर्गत धारा 111–128 राजस्थान लेण्ड रेकार्ड एक्ट स्वीकार किया जाकर **मौजा ग्राम आंटी पटवार हल्का गुढ़ा तहसील बिजौलियाँ की सरहद में खाता संख्या 182 पर अंकित आराजी संख्या 350 रकबा 0.4290 हैक्टेयर भूमि** बशामलात पड़ौसियान के पत्थरगढ़ी करने हेतु आदेशित किया जाता है एवं पत्थरगढ़ी शुल्क राशि 100 /– रूपये राजकोष में जमा होने पर पालनार्थ तहसीलदार बिजौलियाँ को लिखा जावें।

प्रार्थना पत्र निर्णित होकर नम्बर से कम हो।

आदेश सुनाया गया

उप खण्ड अधिकारी
बिजौलियाँ जिला भीलवाडा

उपखण्ड अधिकारी
बिजौलियाँ